जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

साप्ताहिक

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

ہمارا وطن ہفت روزہ

संस्थापित 1965



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

www.hamarawatan.com FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | Hamarawatan

वर्ष- 57 अंक-26 जयपुर, सोमवार, 12 जुलाई, 2021 वार्षिक शुल्क 150 रुपये (एक प्रति 3 रु.) पृष्ठ संख्या 4

## कोवैक्सीन को लेकर डब्लूएचओ ने दी ये अहम जानकारी

नई दिल्ली (हमारा वतन) विश्व स्वास्थ्य संगठन जल्द ही भारत बायोटेक की कोविड-19 वैक्सीन कोवैक्सीन के लिए आपातकालीन मंजूरी पर अहम फैसला लेने वाला है। संगठन की प्रमुख वैज्ञानिक सौम्या स्वामीनाथन ने बताया कि कोवैक्सीन के इस्तेमाल के लिए मंजूरी आगामी 4-6 हफ्तों में दे दी जाएगी।





सीएसई द्वारा आयोजित वेबिनार में स्वामीनाथन ने कहा कि भारत बायोटक अब पोर्टल पर वैक्सीन का पूरा डाटा अपलोड कर रहा है। जिसकी जांच कर डब्लूएचओ कोवैक्सीन की समीक्षा कर रहा है। डब्लूएचओ के दिशा निर्देशों के अनुसार प्रक्रिया के तहत नए या बगैर लाइसेंस के उत्पादों के इस्तेमाल की मंजूरी दी जाती है। ताकि स्वास्थ्य को लेकर उत्पन्न आपातकालीन परिस्थितियों में इसका उपयोग जीवन को बचने के लिए किया जा सके। इस दौरान वैज्ञानिक सौम्या स्वामीनाथन ने बताया की EUL के लिए एक प्रक्रिया से गुजरना होता है। वैक्सीन की मंजूरी प्राप्त करने के लिए कंपनी को तीन चरणों के ट्रायल का डाटा पेश करना होता है, जिसकी जांच WHO के अंतर्गत विशेषज्ञों द्वारा की जाती है ,इसके बाद ही मंजूरी दी जाती है। फिलहाल WHO की ओर से कोरोना वैक्सीन एस्ट्राजेनेका-एसके बायो / सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया, फाइजर / बायोएनटेक, एस्ट्राजेनेका इयू, जानस्सेन, मॉडर्ना और सिनोफार्म को आपातकाल इस्तेमाल की मंजूरी दी गई है।

WHO की वैज्ञानिक ने यह भी कहा कि कोरोना वायरस का डेल्टा वैरिएंट काफी संक्रामक है। उन्होंने कहा, 'वैक्सीन की दो खुराक डेल्टा वैरिएंट से बचाव के लिए आवश्यक है लेकिन इसके बावजूद भी आप कोरोना संक्रमित हो सकते हैं और इसे फैला सकते हैं। इसलिए मास्क व अन्य सावधानियों को जारी रखना होगा।' उन्होंने उन कंपनियों का भी जिक्र किया जो वैक्सीन की दो खुराक के बाद बूस्टर डोज की आवश्यकता पर जोर दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि अभी बूस्टर डोज की जरूरत नहीं है और इसकी आवश्यकता एक या दो साल के बाद होगी। वैक्सीनेशन अभियान को संतोषजनक बताते हुए उन्होंने कहा,' वैक्सीन लेने वालों में 8, 10 या 12 महीनों तक इम्यून रेस्पांस बरकरार देखा गया है।

## कॉलोनियों के नियमन व सड़कें बनाने के लिए जेडीसी गोयल से मिले पूर्व विधायक सैनी

जयपुर (हमारा वतन) पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी जयपुर स्थित जेडीए कार्यालय में जेडीसी गौरव गोयल मिलकर चौमूं विधानसभा क्षेत्र में सड़कों का निर्माण , कॉलोनियों के नियमन और अन्य विकास कार्यों को करवाने की मांग की।



पूर्व विधायक ने बताया कि नगरपालिका क्षेत्र में सहकारी समितियों की योजना ना होकर खातेदारों से इकरारनामे व विक्रय पत्र के आधार पर क्रय की गई है। नगरपालिका क्षेत्र में अधिकांश भवन निर्माण वर्ष 1990 पूर्व व 0 सेटबैक एवं सड़कों की चौड़ाई 10 से 20 फुट छोड़कर निर्माण किया हुआ है। इन सड़कों की चौड़ाई को बढ़ाया जाना कदाचित संभव नहीं है। ऐसी कॉलोनियों का भी नियमन किया जावे जिससे जेडीए को राजस्व प्राप्त हो। विधानसभा क्षेत्र में अनेक सड़कें क्षतिग्रस्त हो चुकी है जिसमें राहगीरों को आने-जाने में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है।जेडीए द्वारा इन सड़कों का निर्माण जल्द से जल्द करवाया जावे। इस पर जेडीसी गोयल ने आश्वस्त किया कि समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द करवाया जाएगा ।

## सुरज्ञान कुमार चौधरी को मिली प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी

जयपुर (हमारा वतन) टीम इन्द्र वशिष्ट ने आज प्रदेश कार्यकारिणी गठित की । इस दौरान टीम के राष्ट्रीय अध्यक्ष इन्द्र वशिष्ट द्वारा सामाजिक सेवाओं को देखते हुए सर्वसम्मति से सुरज्ञान कुमार चौधरी को राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी । गौरतलब है कि सुरज्ञान कुमार चौधरी श्रीमाधोपुर तहसील के महरौली ग्राम पंचायत के छोटे से कस्बे छिलावाली के निवासी हैं । प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिलने पर सुरज्ञान ने कहा कि मैं इस संगठन को मजबूती प्रदान करने का प्रयास करूंगा । साथ ही राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा दी गई जिम्मेदारी को पूर्ण निष्ठा से निभाऊंगा । प्रदेश की जिम्मेदारी देने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष का आभार व्यक्त करता हूँ ।



## कल्पना और सुनीता के बाद भारतीय मूल की एक और बेटी जा रही अंतरिक्ष में

ह्यूस्टन (हमारा वतन) कल्पना चावला के बाद भारतीय मूल की एक और बेटी अंतरिक्ष के सफर पर जल्द ही रवाना होने जा रही है। एरोनाटकल इंजीनियर वर्जिन गालाक्टिक टेस्ट फ्लाइट से रवाना होंगी। 34 वर्षीय सिरिषा बांडाला अंतरिक्ष में जाने वाली भारतीय मूल की तीसरी महिला होंगी।

भारत देश के आंध्र प्रदेश के गुंटुर जिले में जन्मीं और अमेरिका के ह्यूस्टन, टेक्सास में पली बढ़ीं बांडला कंपनी के अरबपति संस्थापक सर रिचर्ड ब्रानसन और पांच अन्य के साथ वर्जिन गालाक्टिक स्पेसशिप से न्यू मैक्सिको से रवाना होंगी।

बांडाला ने ट्वीट किया, मैं बेहतरीन करू #Unit422 का हिस्सा होने और एक ऐसी कंपनी का में होने पर बेहद सम्मानित महसूस कर रही हूं, जिसका मिशन अंतरिक्ष सबके लिए उपलब्ध कराने का है। वर्जिन गालाक्टिक पर बताए गए प्रोफाइल के अनुसार बांडाला अंतरिक्ष यात्री नंबर 004 होंगी और फ्लाइट में उनकी भूमिका रिसर्चर एक्सपीरियंस की होगी। सिरिषा बांडाला कल्पना चावला और सुनीती वीलियम्स के बाद स्पेश में जाने वाली वह भारतीय मूल की तीसरी महिला होंगी।



हाल ही में 6 जुलाई को वर्जिन गालाक्टिक के ट्विटर हैंडल पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में बांडाला ने कहा, जब पहली बार मैंने सुना कि मुझे यह मौका मिला है, मैं निशब्द रह गई। अलग-अलग पृष्ठभूमि, भौगोलिक और अलग समुदायों के लोगों के साथ अंतरिक्ष में होना वाकई शानदार है।

## पर्यावरण हित संस्थान की अनूठी पहल

चौमूं (हमारा वतन) पर्यावरण हित संस्थान के संयोजक राजेन्द्र जांगिड ने अपने जन्मदिवस के शुभ अवसर पर जीवन का 17 वाँ रक्तदान एवं चन्दन जांगिड ने 5 वी बार रक्तदान किया एवं पाँच छायादार पौधे अपने आवास पर पूर्व वार्डपंच रतनदेवी जांगिड, अक्षित ,साक्षी, रितुराज की उपस्थिति मे लगाकार जन्मदिन मनाया । जन्मदिवस पर रक्तदान जेसे पुनित कार्य करने पर ममता ब्लड़ सेन्टर चौमूं के संचालक अर्जुन यादव एवं सी एम यादव के द्वारा दोनों रक्तदाताओ को सम्मानित किया गया ।



इस दौरान खवारानीजी ग्राम पंचायत के शिवपुरा के राजकीय प्राथमिक विद्यालय परिसर में भी कन्या उपवन योजनान्तगर्त छात्रों एवं अभिभावको को 100 पौधे वितरित करवाये एवं खवारानीजी के रामजीलाल महावर ने अपनी पुत्री के जन्मदिन एवं राजेन्द्र जांगिड ने अपने जन्मदिन पर विधालय परिसर में पाँच पाँच पौधे लगाकर उनकी नियमित देखभाल करने का संकल्प किया।

इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाध्यापक राजकुमार शर्मा, श्रीमती कमला देवी जांगिड फाउडेशन अध्यक्ष श्रवण जांगिड बगवाडा, पीईईओ विकास शर्मा, ग्राम भारती समिति सचिव कुसुम जेन, सरिता योगी एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।

## पंडित रविंद्र आचार्य ने किया बलेसरा किराना स्टोर एंड रेस्टोरेंट का उद्घाटन



जयपुर (हमारा वतन ) चौमूं चंदवाजी स्टेट हाईवे बांसा फतेहपुरा में बने मातृशक्ति रवि कांपलेक्स में बलेसरा किराना स्टोर एंड रेस्टोरेंट का अंतरराष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविंद्र आचार्य ने अपने कर कमलों से फीता काटकर भव्य उद्घाटन किया ।

चौमूं विधानसभा विधायक प्रत्याशी 2018 रविकांत शर्मा ने बताया की यह कॉन्प्लेक्स जनता की सुविधाओं को ध्यान में रखकर बनाया गया है। यहां पर आसपास के लोगों को किराना व खाने- पीने की वस्तुओं के लिए दूरदराज भटकना पड़ता था । आसपास में सुविधा नहीं थी । इन सभी समस्याओं को ध्यान में रखते हुए मातृशक्ति रवि कांपलेक्स का निर्माण किया गया ।

बलेसरा किराना एवं जनरल स्टोर के प्रोपराइटर संजय कुमार शर्मा ने बताया कि यहां पर एक ही छत के नीचे सभी प्रकार के किराना सामान व खाने पीने की वस्तुएं उपलब्ध रहेगी ।

आने - जाने वाले राहगीरों व ट्रक ड्राइवरों के लिए संपूर्ण सुविधाएं उपलब्ध रहेगी । उद्घाटन में जय नारायण बलेसरा ,गोपी राम बलेसरा, फतेहपुरा सहकारी समिति अध्यक्ष विजय कुमार शर्मा, फतेहपुरा पूर्व सरपंच प्रकाश गुर्जर, टोल मैनेजर कर्मवीर शर्मा , बंशीधर टोडावता, रामेश्वर नेहरा, राजू डबास, हनुमान बोहरा, महेश शर्मा ,ज्ञान प्रकाश शर्मा, श्याम प्रकाश शर्मा, राजीव शर्मा, मनोज शर्मा, रामू पंचोली, गिर्राज शर्मा, दिनेश शर्मा, प्रशांत शर्मा, अनुराग शर्मा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे ।

# विश्व जनसंख्या दिवस विशेष


जीएस दायमा (पूर्व वरिष्ठ बैंक अधिकारी व सामाजिक कार्यकर्ता)

प्रतिवर्ष 11 जुलाई को पूरे विश्व में जनसंख्या दिवस मनाया जाता है। देश और विश्व में लगातार बढ़ती जनसंख्या को देखते हुए, विश्व जनसंख्या दिवस पर इसकी जागरूकता फैलाने के साथ ही इसके दुष्परिणामों पर भी प्रकाश डाला जाता है।

11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस मनाने की शुरुआत 1989 में, संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम की संचालक परिषद द्वारा हुई थी। दरअसल 11 जुलाई 1987 तक वैश्विक जनसंख्या का आंकड़ा 5 अरब के भी पार हो चुका था, जिसे देखते हुए वैश्विक हितों को ध्यान में रखते हुए इस दिवस को मनाने और जारी रखने का निर्णय लिया गया। वास्तव में विश्व जनसंख्या दिवस को मनाना तभी सार्थक हो सकता है जब हम बढ़ती जनसंख्या के प्रति जागरूक रवैया अपनाएं और इसके विभिन्न पहलुओं व हितों पर ध्यान देते हुए जनसंख्या विस्फोट में कमी लाने का प्रयास करें। जनसंख्या वृद्धि के विभिन्न कारणों पर विचार कर इनके लिए उपायों पर ध्यान देना भी उतना ही जरूरी है। जनसंख्या मानव संसाधन के तौर पर किसी भी देश के लिए उपयोगी हो सकती है लेकिन लगातार अनियंत्रित रूप से जनसंख्या में बढ़ोतरी उसी देश के लिए संकट का सबब भी बन सकती है। खेती के लिए घटती जमीन, गरीबी, अशिक्षा, बेरोजगारी और भुखमरी जैसी समस्याएं अनियंत्रित बढ़ती जनसंख्या की ही देन हैं। इस समस्या से निपटने के लिए परिवार नियोजन जैसे समाधान मौजूद हैं लेकिन लोगों में इसे लेकर जागरूकता का काफी अभाव है। इसी के लिए हर साल 11 जुलाई को जनसंख्या दिवस मनाने की परंपरा शुरू हुई ताकि लोगों की बेतहाशा बढ़ती जनसंख्या पर थोड़ा ब्रेक लगाया जा सके ।

संयुक्त राष्ट्र संघ की घोषणा के बाद साल 1889 से ही हर साल 11 जुलाई को सारी दुनिया में जनसंख्या दिवस मनाया जाता है। इस दिन जनसंख्या कंट्रोल करने के लिए तरह-तरह से लोगों को प्रोत्साहित किया जाता है और उन्हें परिवार नियोजन के उपायों को अपनाने के लिए प्रेरित किया जाता है। दुनिया की आबादी 7 अरब के पार पहुंच चुकी है। भारत जनसंख्या के मामले में दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा देश है। यहां 137 करोड़ लोग रहते हैं। भारत की आजादी के समय यहां की जनसंख्या 34 करोड़ थी। रिपोर्ट्स की मानें तो हर साल भारत में एक करोड़ 60 लाख लोग बढ़ जाते हैं। माना जा रहा है कि आने वाले समय में भारत सबसे बड़ी जनसंख्या वाला देश चीन को पीछे छोड़कर पहले नंबर पर आ जाएगा।

### दुनिया की 18 फीसदी जनता भारत में

भारत में जनसंख्या और प्राकृतिक संसाधनों का अनुपात बेहद असंतुलित है। दुनिया की 2.4 फीसदी जमीन भारत के हिस्से में है, जबकि यहां संसार की तकरीबन 18 फीसदी जनसंख्या निवास करती है। संसाधन कम हैं और जनसंख्या लगातार बढ़ रही है, ऐसे में देश के सामने भुखमरी, गरीबी, बेरोजगारी से लेकर शिक्षा-स्वास्थ्य की सुविधाओं के अभाव तक का संकट है ।

### भारत में जनसंख्या वृद्धि रोकने की कोशिश

भारत में जनसंख्या को नियंत्रित करने के लिए कई तरह के कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। वहीं, बेतहाशा बढ़ते जनसैलाब को रोकने के लिए जिम्मेदार अभिभावक अधिनियम, जनसंख्या नियंत्रण कानून और टू चाइल्ड पॉलिसी जैसी योजनाओं को लागू करने की तैयारी की जा रही है।

### कैसे मनाया जाता है विश्व जनसंख्या दिवस

बढ़ती जनसंख्या के मुद्दों पर एक साथ कार्य करने के लिये बड़ी संख्या में लोगों के ध्यानाकर्षण के लिये विभिन्न क्रियाकलापों और कार्यक्रमों को आयोजित करने के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विश्व जनसंख्या दिवस मनाया जाता है। सेमिनार, चर्चा, शैक्षिक प्रतियोगिता, शैक्षणिक जानकारी सत्र, निबंध लेखन प्रतियोगिता, विभिन्न विषयों पर लोक प्रतियोगिता, पोस्टर वितरण, गायन, खेल क्रियाएँ, भाषण, कविता, चित्रकारी, नारें, विषय और संदेश वितरण, कार्यशाला, लेक्चर, बहस, गोलमैज चर्चा, प्रेस कॉन्फ्रेंस के द्वारा खबर फैलाना, टीवी और न्यूज चैनल, रेडियो और टीवी पर जनसंख्या संबंधी कार्यक्रम आदि कुछ क्रियाएँ इसमें शामिल हैं। कॉन्प्रेंस, शोधकार्य, सभाएँ, प्रोजेक्ट विश्लेषण आदि को आयोजित करने के द्वारा जनसंख्या मुद्दों का समाधान करने के लिये विभिन्न स्वास्थ्य संगठन और जनसंख्या विभाग एक साथ कार्य करते है ।

## रालोपा प्रदेश महामंत्री छुट्टन यादव ने शहीदों को याद कर मनाया जन्मदिन

जयपुर (हमारा वतन ) राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के प्रदेश महामंत्री छुट्टन यादव ने अपना जन्मदिवस मातृभूमि की रक्षा करते प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों को स्मारकों पर जाकर श्रद्धांजलि अर्पित कर मनाया। इस दौरान यादव ने मण्डा भिण्डा में शहीद रामकरण मीणा, नाडिया ग्राम सिंगोद के शहीद राजूराम सामोता व छोटा गुढ़ा के शहीद प्रहलाद सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की व परिवारजनों को शॉल ओढाकर सम्मानित किया। शहीद स्मारकों पर वृक्षारोपण भी किया। यादव ने कहा कि शहीदों की शहादत भुलाई नहीं जा सकती। शहीदों के स्वजनों का सम्मान करना सबका दायित्व है। देश के वीर सैनिक सरहदों पर तैनात हैं और उन्हीं की बदौलत हम अपना जीवन जी रहे हैं। ऐसे में हमारा भी फर्ज है कि हम उनको वो सम्मान दे, जिसके वे हकदार हैं।



## अजय चौहान के पदोन्नत होने पर किया स्वागत

जालोर (हमारा वतन) जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग खण्ड जालौर में कार्यरत अजय चौहान का कनिष्ठ सहायक से वरिष्ठ सहायक पद पर पदोन्नत होने पर स्वागत किया गया । जालोर रक्तकोष फाउंडेशन जिला सचिव किशन सुन्देशा द्वारा अजय चौहान का पदोन्नत होने पर माला व मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया ।



किशन सुन्देशा ने बताया की अजय चौहान ने कोरोना में बीलओ ड्यूटी में भी अपनी जिम्मेदारी से सेवा दी । इस दौरान प्रकाश ऐम्पावत, मदन मीणा, प्रवीण कुमार,अकेश जीनगर सहित युवा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मानव कल्याण सेवा संस्था के प्रदेश संगठन मंत्री बने विकास कुमार मीणा

जयपुर (हमारा वतन) मानव कल्याण सेवा संस्था के संरक्षक व भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया व संस्था के प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र कुमावत के आदेश अनुसार व जिला अध्यक्ष उत्तम गुप्ता के अनुसंशा पर देवथला ग्राम पंचायत से वार्ड-पंच व समाज सेवक विकास कुमार मीणा को संस्था का प्रदेश संगठन मंत्री बनाया गया ।

संस्था के प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र कुमावत ने बताया कि विकास कुमार मीणा द्वारा पिछले कई सालों से व वैश्विक महामारी कोरोना काल मे जनहित में अच्छी सेवा की गई । इसके अलावा बालिका शिक्षा को बढ़ावा देना, बेजुबानों के लिए खाने-पीने की व्यवस्था करना आदि सेवाभावी कार्य को देखते हुए संस्था के सभी पदाधिकारीयो द्वारा प्रदेश सँगठन मंत्री का कार्य भार सौपा गया है ।



## जोधपुर के विकास कार्यों की समीक्षा

# शहरी क्षेत्रों में विकास परियोजनाओं को योजनाबद्ध रूप से गति दें- मुख्यमंत्री

जयपुर(नि.सं.)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि शहरी क्षेत्रों में आधारभूत ढांचे के विकास, सौन्दर्यकरण, ड्रेनेज एवं सीवरेज कार्यों से जुड़ी परियोजनाओं को समय पर पूरा करें, जिससे शहरवासियों को जलभराव और ट्रैफिक जाम की समस्या से निजात मिल सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्थानीय लोगों की आवश्यकता और जनप्रतिनिधियों के सुझावों के अनुरूप इन कार्यों को योजनाबद्ध रूप से पूरा किया जाए।

गहलोत मुख्यमंत्री निवास से वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से लगातार दूसरे दिन जोधपुर शहर में प्रस्तावित विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने इन कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी ली एवं अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सार्वजनिक निर्माण विभाग प्रदेशभर में नॉन-पेचेबल और खराब सड़कों के पुनर्निर्माण को प्राथमिकता दे।

बैठक में अधिकारियों ने बताया कि जोधपुर शहर में जलभराव की समस्या के समाधान के लिए करीब 225 करोड़ रूपए के ड्रेनेज प्रोजेक्ट की डीपीआर तैयार की जा रही है। इसमें सारण नगर नाले को 8 किलोमीटर की लम्बाई तक पूरा कवर करने के अलावा, शोभावतों की ढाणी से पाल गांव, तनावड़ा, चीनाणों की ढाणी और सालावास सड़क से होते हुए जोजरी नदी तक भैरव नाला निर्माण किया जाएगा। नाला बनने से पूर्वी पाल योजना एवं श्रमिक कॉलोनी में जलभराव की समस्या का समाधान हो सकेगा। प्रोजेक्ट की डीपीआर जोधपुर विकास प्राधिकरण द्वारा बनाई जा रही है। इसकी क्रियान्वयन एजेंसी आरयूआईडीपी होगी।




बैठक में बताया गया कि करीब 309 करोड़ रूपए के सीवरेज प्रोजेक्ट के तहत विभिन्न कार्य किए जाएंगे। इसमें नगर निगम उत्तर एवं दक्षिण के करीब 60 किलोमीटर क्षेत्र में पुरानी एवं जर्जर सीवर लाइनों को सुधारने एवं बदलने का कार्य किया जाएगा। साथ ही, जोधपुर विकास प्राधिकरण एवं नगर निगम उत्तर एवं दक्षिण के करीब 250 किलोमीटर क्षेत्र में नई सीवर लाइनें डाली जाएंगी। करीब 40 हजार मकानों को सीवर कनेक्शन से जोड़ा जाएगा।

प्रोजेक्ट की डीपीआर तैयार की जा रही है, जिसे आरयूआईडीपी को भेजा जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ड्रेनेज एवं सीवरेज कार्यों से शहरवासियों को जलभराव की समस्या से निजात मिलेगी। उन्होंने अधिकारियों को ड्रेनेज एवं सीवरेज प्रोजेक्ट की विस्तृत कार्य योजना नक्शे सहित भेजने के निर्देश दिए।

बैठक में बताया गया कि करीब 37.5 करोड़ की लागत से बालसमंद-नागादड़ी ओवरफ्लो नाला निर्माण कार्य से फूलबाग, चतुरावता बेरा, सुरपुरा आदि क्षेत्रों में जलभराव की समस्या का समाधान होगा। इसकी डीपीआर नगर निगम (उत्तर) द्वारा तैयार की जा रही है।

अधिकारियों ने बताया कि अमृत योजना के पहले चरण में सुरपुरा बांध एम्यूजमेंट पार्क में करीब 2 करोड़ 7 लाख रूपए की लागत से पाथ-वे, ओपन जिम, ग्रीन स्पेस उपकरण एवं झूले इत्यादि कार्य किए गए हैं। द्वितीय चरण में फूड कोर्ट, एक्टिविटी एरिया, जॉगिंग-ट्रेक आदि के कार्य प्रस्तावित हैं।

## महेंद्र लांबा भारतीय युवा कांग्रेस में प्रदेश सचिव नियुक्त




चौमूं (हमारा वतन)चौमूं निवासी महेंद्र लांबा को प्रदेश युवा कांग्रेस में प्रदेश सचिव बनाए जाने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया है । भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास, राष्ट्रीय महासचिव सीताराम लांबा, राजस्थान प्रभारी डॉ पलक वर्मा व गणेश घोघरा प्रदेश अध्यक्ष भारतीय युवा कांग्रेस के निर्देशानुसार चौमूं नगरपालिका के वार्ड नंबर 16 के पार्षद महेंद्र लांबा को युवा कांग्रेस में प्रदेश सचिव नियुक्त किए जाने पर चौमूं विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है ।

## जॉब्स

1. भारतीय स्टेट बैंक एसबीआई, पद अप्रेंटिस, पद संख्या 6100, अंतिम तिथि 26 जुलाई 2021
2. संघ लोक सेवा आयोग यूपीएससी, पद सीएचएस,एडीएमओ,एसडीएमसी, जीडीएमओ, पद संख्या 838, अंतिम तिथि 27 जुलाई 2021
3. भारतीय नौसेना, पद सेफ, स्टीवर्ड, हाइजीनिस्ट, पद संख्या 350, अंतिम तिथि 23 जुलाई 2021
4. इंडियन कोस्ट गार्ड,पद नाविक जीडी, नाविक डीबी और यांत्रिक, पद संख्या 350, अंतिम तिथि 16 जुलाई 2021
5. बिहार स्वास्थ्य विभाग, पद एएनएम, पद संख्या 8853, अंतिम तिथि 21 जुलाई 2021
6. भारतीय नौसेना, पद एसएससी इलेक्ट्रिकल, पद संख्या 40, अंतिम तिथि 30 जुलाई 2021
7. इनकम टैक्स डिपार्टमेंट, पद इंस्पेक्टर, टैक्स असिस्टेंट और एमटीएस,पद संख्या 155, अंतिम तिथि 25 अगस्त 2021
8. भारतीय तिब्बत बॉर्डर पुलिस फोर्स आइटीबीपी,पद कांस्टेबल जीडी, पद संख्या 65, अंतिम तिथि 2 सितंबर 2021

# कियारा आडवाणी ने पीली बिकिनी पहन ढाया कहर,फैन्स के साथ ही सितारों ने भी की तारीफ

बॉलीवुड की खूबसूरत एक्ट्रेस कियारा आडवाणी सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। कियारा इंस्टाग्राम पर अक्सर अपने फोटोज और वीडियोज शेयर करती रहती हैं। ऐसे में एक बार फिर कियारा ने अपनी बोल्ड फोटो शेयर की है, जिसे फैन्स खूब पसंद कर रहे हैं।



**पीली बिकिनी पहन ढाया कहर**-कियारा आडवाणी ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर एक थ्रोबैक फोटो शेयर की है। इस थ्रोबैक फोटो में कियारा पीली बिकिनी में नजर आ रही हैं। कियारा तस्वीर में काफी बोल्ड और फिट दिखाई दे रही हैं। कियारा ने कैप्शन में लिखा- डियर बिकिनी बॉडी, प्लीज वापस आ जाओ।

**फैन्स का रिएक्शन**-कियारा आडवाणी की बिकनी फोटो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। इस फोटो को न सिर्फ फैन्स बल्कि सेलेब्स भी खूब पसंद कर रहे हैं। भूमि ने कियारा के पोस्ट पर लिखा- बेब, वहीं करिश्मा कपूर ने भी पीले दिल का इमोजी कमेंट किया है। इसके अलावा मनीष मल्होत्रा, जाह्नवी कपूर, टिस्का चोपड़ा और रसिका दुग्गल सहित कई सितारों ने कमेंट किया है।

**कियारा के अपकमिंग प्रोजेक्ट्स**-कियारा के इस वीडियो को फैन्स खूब पसंद कर रहे हैं और कमेंट करते हुए अपना प्यार जाहिर कर रहे हैं।

# डब्बू रतनानी के कैलेंडर के लिए शहनाज गिल का फोटोशूट, वायरल हुआ बिहाइंड द सीन वीडियो

शहनाज गिल 'बिग बॉस' के बाद से लगातार एक के बाद एक प्रोजेक्ट्स में व्यस्त हैं। अब उन्होंने मशहूर फोटोग्राफर डब्बू रतनानी के लिए कैलेंडर फोटोशूट कराया है। डब्बू रतनानी ने हाल ही में कई सितारों की तस्वीरें खींची हैं। इनमें आलिया भट्ट, टाइगर श्रॉफ, सनी लियोनी और कियारा आडवाणी सहित अन्य हैं। इस बीच शहनाज का फोटोशूट सुर्खियों में है।



**वायरल हुआ वीडियो**- डब्बू रतनानी ने सोशल मीडिया पर एक बुमरैंग वीडियो शेयर किया जिसमें शहनाज ग्लास वॉल पर पोज दे रही हैं। उन्होंने व्हाइट शर्ट और मल्टीकलर पैंट पहना हुआ है। वहीं उनके सामने खड़े डब्बू रतनानी तस्वीरें खींच रहे हैं। वीडियो पोस्ट करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा- 'जादू कुछ ऐसा है जिसे आप खुद बनाते हैं। स्टनिंग शहनाज गिल के साथ।' इस वीडियो को अभी तक 55 हजार से ज्यादा लोगों ने लाइक किया है। **फैंस का रिएक्शन**-शहनाज के एक फैन ने फाइनल तस्वीर को लेकर लिखा- 'इंतजार नहीं हो रहा।' एक अन्य ने कहा- 'इस पूरे फोटोशूट का बेसब्री से इंतजार है।' एक यूजर ने कहा कि 'बहुत ज्यादा एक्साइटेड हूं।'**'डब्बू रतनानी का ट्वीट**-फैंस की प्रतिक्रियाओं को देखते हुए डब्बू रतनानी ने ट्वीट किया कि 'क्या शूट रहा, शानदार तस्वीरें साझा करने के लिए इंतजार नहीं कर सकता।'**तगड़ा है फैन बेस**-यह पहली बार है जब शहनाज गिल, डब्बू रतनानी के कैलेंडर पर दिखाई देंगी।

# करीना कपूर खान शेयर की अल्ट्रासाउंड की एक फोटो, देखकर शॉक्ड हुए यूजर्स बोले-प्लीज ये मत कहना की तीसरा आने वाला है

बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर खान ने अपने इंस्टाग्राम पर अपनी एक फोटो शेयर की हैं। इस फोटो में करीना एक अल्ट्रासाउंड की कॉपी देखाते हुए नजर आ रही हैं। करीना की ये फोटो देखकर सोशल मीडिया यूजर्स बहुत ही कंफ्यूजन में दिख रहे हैं। लोगों को समझ नहीं आ रहा है कि करीना इस फोटो को दिखाकर क्या कहना चाह रही हैं? बरहाल करीना की फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो चुकी है और यूजर्स बड़े ही अजीबो-गरीब कॉमेंट कर



करीना के पोस्ट पर प्रतिक्रिया दे रहे हैं। **करीना के कैप्शन ने किया लोगों को कंफ्यूज**-फोटो में करीना रेड ड्रेस में नजर आ रही हैं। वह कैमरे में अल्ट्रासाउंड की फोटो दिखाते हुए दिख रही हैं। इस फोटो को शेयर करते हुए वह कैप्शन में लिखती हैं, कुछ रोमांचक पर काम कर रही हूं... लेकिन यह वो नहीं है जो आप सोच रहे हैं.. वॉच दिस स्पेस फॉर मोर ...#ComingSoon"। करीना के पोस्ट करते ही उनकी इस फोटो को आधे घंटे के अंदर 150 लाख से ज्यादा लोग लाइक कर चुके हैं। **यूजर्स कुछ ऐसे कर रहे हैं रिएक्ट**-करीना अपने इस पोस्ट से क्या कहना चाह रही हैं ये तो वही जानें लेकिन उनके पोस्ट को देखकर यूजर्स थोड़े शॉक्ड में जरूर लग रहे हैं।

# कमजोर पाचन तंत्र से जूझ रहीं हैं, तो हम बता रहे हैं पेट की गड़बड़ से निपटने के आसान घरेलू उपाय

सिर्फ ज्यादा खाना ही नहीं, कभी बेवक्त खाना और बेमौसम खाना भी आपकी सेहत को प्रभावित करता है। शुक्र है कि हमारी रसोई में इससे निपटने के कुछ आसान उपाय हैं।मानसून के दौरान उमस भरा मौसम आपके पूरे पाचन तंत्र को सुस्त बना देता है। आयुर्वेद का मानना है कि मानसून में वात बढ़ जाता है और पित्त भी जमा हो जाता है। पाचन ठीक से होने के लिए दोनों को संतुलित करने की आवश्यकता है। यदि आपके पाचन अंग जैसे पेट, अग्न्याशय और छोटी आंत सही से काम नहीं कर रहे हैं, तो गैस, एसिडिटी, सूजन और अपच जैसी समस्याएं उत्पन्न होती हैं। ये समस्याएं तब और भी बढ़ जाती हैं जब बारिश के मौसम में आप तला और मसालेदार भोजन करने लगती हैं!

**1. दस्त में केला और दही**-दस्त एक पाचन समस्या है जो ढीले, पानी से भरे मल त्याग का कारण बनती है और बारिश के मौसम में ये समस्या काफी आम है। दस्त को ठीक करने के लिए नमक-चीनी का घोल पीने की सलाह कर कोई देता है, मगर एक और उपाय है जो बेहद कारगर साबित होता है छ्ठ दही और केला। केला और दही दोनों ही गट हेल्थ के लिए बेहतरीन हैं और प्रोबायोटिक से भरपूर, जो आपको तुरंत राहत प्रदान करेंगे।इसलिए, फीके ठंडे दही में केले के टुकड़े मिलाकर ज़रूर खाएं!

**2. एसिडिटी के लिए ठंडा दूध**-कुछ भी मनपसंद खाने के बाद एसिडिटी की समस्या बेहद आम है और सबसे ज्यादा यही परेशान भी करती है। ऐसे में ठंडे दूध का सेवन आपके लिए फादेमंद साबित हो सकता है। जी हां.. ये सबसे सरल घरेलू उपाय है जो आपको एसिडिटी से तुरंत राहत दिलाएगा। दूध में कैल्शियम और अच्छे बैक्टीरिया होते हैं जो पेट के एसिड रिफ्लक्स को खत्म करके गट को आराम पहुंचाते हैं।आपको सिर्फ भोजन



करने के बाद ठंडा दूध पीना है!

**3. अपच और बदहजमी के लिए काला नमक और भुना जीरा**-मानसून के मौसम में तली भुनी मसालेदार चीजें खाने का बहुत मन करता है। मगर उन्हें खाने के बाद अक्सर बदहजमी और अपच की समस्या हो जाती है। ऐसे में काला नमक और भुना जीरा पाचंत तंत्र को ठीक रखने में मदद करेगा। खाने के बाद काला नमक और भुने जीरे का सेवन करने से भोजन करने के बाद घबराहट, पेट फूलना, अपच या बदहजमी जैसी समस्याएं नहीं होती हैं। आप दिन में 2 से 3 बार गर्म पानी के साथ आधा चमाच काला नमक और भुने जीरे का सेवन कर सकती हैं।

# बढ़ती उम्र में ब्लड सेल्स में परिवर्तन के कारण बढ़ जाता है इन्फेक्शन का खतरा

एक ही वायरस अलग-अलग उम्र के लोगों पर अलग-अलग तरीके से प्रहार करता है। अध्ययन में इसका कारण ब्लड सेल्स में परिवर्तन को बताया जा रहा है।हर व्यक्ति के शरीर में ब्लड सेल्स होते हैं और ये ब्लड सेल्स हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए बहुत जरूरी हैं। पर क्या आप जानते हैं कि बढ़ती उम्र के साथ आपके ब्लड सेल्स में भी बदलाव आता है, जिससे इन्फेक्शन का खतरा ज्यादा रहता है। जनिए अध्ययन का क्या कहना है?

**क्या है प्रमाण**-शोधकर्ताओं ने पूरी दुनिया में लगभग 800,000 रोगियों के आनुवंशिक और नैदानिक डेटा का विश्लेषण किया। उन्होंने पाया कि मोज़ेक क्रोमोसोमल परिवर्तन (एमसीए) नामक उनकी रक्त कोशिकाओं के गुणसूत्रों में एक विशिष्ट प्रकार के सेल्स सेप्सिस विकसित होने की संभावना लगभग तीन गुना अधिक थी। एमसीए के बिना उन लोगों की तुलना में निमोनिया होने की संभावना दो गुना अधिक थी। ये आनुवंशिक परिवर्तन उम्र के साथ रक्त कोशिकाओं में जमा हो जाते हैं। जिससे बुजुर्गों में अक्सर क्लोनल हेमटोपोइजिस का संकेत दिखाई देता है। नेचर मेडिसिन में प्रकाशित इस अध्ययन में 2020 में न्यूयॉर्क की पहली कोविड-19 लहर के रोगियों को भी शामिल किया गया। जिसमें पाया गया कि mCAs भी कोविड-19 की तरह गंभीरता के साथ जुड़ा हुआ था।

**महत्वपूर्ण है यह अध्ययन**-इस शोध का नेतृत्व एमआईटी और हार्वर्ड के ब्रॉड इंस्टीट्यूट, मैसाचुसेट्स जनरल अस्पताल, येल विश्वविद्यालय और राष्ट्रीय कैंसर संस्थान के वैज्ञानिकों की एक टीम ने किया था। उन्होंने संयुक्त राज्य अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम, फिनलैंड और जापान में पांच बायोबैंक के रोगियों के डेटा का अध्ययन किया।







# भारतीय क्रिकेट की सुपरवुमन

## इंग्लैंड के खिलाफ मैच में हरलीन देओल ने बाउंड्री लाइन पर उड़कर कैच पकड़ा; तेंदुलकर ने इसे कैच ऑफ द ईयर कहा

लंदन। भारत और इंग्लैंड के बीच खेले गए पहले टी-20 मुकाबले में इंग्लिश टीम ने बाजी मारी। बारिश से प्रभावित मैच में डकवर्थ लुईस नियम के तहत इंग्लैंड ने टीम इंडिया को 18 रनों से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड ने 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 177 रन बनाए। टीम की तरफ से नताली सीवर और एमी जोन्स ने विस्फोटक पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने 8.4 ओवर में 3 विकेट खोकर 54 रन ही बनाए थे कि तभी मुकाबले पर मौसम की मार पड़ी और उसके बाद एक भी गेंद का खेल संभव नहीं हो सका। टीम इंडिया को भले ही इस मैच में हार का सामना करना पड़ा, लेकिन बाउंड्री लाइन पर हरलीन देओल द्वारा पकड़े गए हैरतअंगेज कैच ने सभी का ध्यान खींचा। हरलीन ने इंग्लैंड पारी के 19वें ओवर की पांचवीं गेंद पर एमी जोन्स का लाजवाब कैच पकड़ा। हरलीन ने हवा में छलांग लगाते हुए पहले गेंद को बाउंड्री पार जाने से रोका और फिर दूसरी बार में उसको कैच में तब्दील कर दिया। हरलीन की इस हैरतअंगेज कैच का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है और फैन्स हरलीन को सुपरवुमन बता रहे हैं। हरलीन ने कैच के अलावा इस मुकाबले में 24 गेंदों में 17 रन बनाकर नॉटआउट रहीं। वहीं, स्मृति मंधाना ने 17 गेंदों में 29 रनों की अच्छी पारी खेली। वनडे सीरीज के दौरान मंधाना ने भी बाउंड्री पर जबरदस्त कैच लपका था, जिसका वीडियो काफी वायरल हुआ था।

# सूर्यकुमार यादव बोले-श्रीलंका में सबकुछ जीरो से करना होगा शुरू

कोलंबो। इंटरनेशनल क्रिकेट में शानदार डेब्यू करने वाले भारतीय बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने कहा कि श्रीलंका दौरे पर उन्हें सबकुछ जीरो से शुरू करना होगा। इसके अलावा उन्होंने कहा कि शांत और एकाग्र रहने वाले हेड कोच राहुल द्रविड़ से सीखने को लेकर वह काफी एक्साइटेड हैं। सूर्यकुमार ने कहा कि उनकी कोशिश होगी कि वह नए सिरे से शुरुआत करें। सूर्यकुमार ने इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू टी20 सीरीज में डेब्यू पर शानदार हाफसेंचुरी लगाई थी। वह शिखर धवन की अगुवाई में श्रीलंका दौरे पर गई भारत की दूसरे दर्जे की टीम का हिस्सा हैं। यह टीम 13 जुलाई से तीन मैचों की वनडे और इतने ही मैचों की टी20 इंटरनेशनल सीरीज खेलेगी। मुंबई के इस दाएं हाथ के बल्लेबाज ने कहा, दबाव होगा, क्योंकि अगर कोई दबाव नहीं हो, तो कोई मजा नहीं आएगा। यह एक बड़ी चुनौती होगी और मैं वास्तव में इसका इंतजार कर रहा हूं।



# युजवेंद्र चहल ने दिलाया भरोसा, श्रीलंका के खिलाफ करेंगे दमदार प्रदर्शन

नई दिल्ली। इंटरनेशनल क्रिकेट में खराब फॉर्म से जूझ रहे युजवेंद्र चहल ने भरोसा दिलाया है कि श्रीलंका के खिलाफ होने वाले लिमिटेड ओवर सीरीज में वह दमदार प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि आगामी वनडे सीरीज में वह अधिक कॉन्फिडेंस से भरा युजवेंद्र नजर आएगा। चहल ने बताया कि वह अपने पास मौजूद वैरिएशन पर काम कर रहे हैं और इसके सहारे ही वह श्रीलंकाई बल्लेबाजों की जमकर परीक्षा लेंगे। चहल को इंग्लैंड के खिलाफ खेली गई घरेलू वनडे सीरीज के लिए टीम में शामिल नहीं किया गया था। टी-20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए चहल के पास खुद को इंटरनेशनल लेवल पर साबित करना का यह आखिरी मौका होगा। वर्चुल प्रेस कॉन्फ्रेंस में बात करते हुए चहल ने कहा, मेरे पास कुछ वैरिएशन हैं और मैं सिर्फ उन्हीं पर ध्यान लगा रहा हूं, अन्य गेंदों पर नहीं। इस सीरीज में आपको अधिक आत्मविश्वास से भरा युजी दिखेगा।



टिकिट

हमारा वतन साप्ताहिक
HamaraWATANWeekly संस्थापित 1965 ہمارا وطن ہفت روزہ
राष्ट्रीय विचारधारा की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति का प्रतीक

**क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,**
**कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।**

### अति आवश्यक सूचना

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन वीकली के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

– सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

# गरीब कल्याण में भ्रष्टाचार की बाधा

भारत सरकार द्वारा लागू गरीब कल्याण योजना सिर्फ गरीबों का ही पेट नहीं भर रही है, बल्कि यह कुछ लोगों की अमीरी भी बढ़ा रही है। देश के 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज देने की इस विशाल योजना ने कुछ लोगों के लिए आपदा में अवसर के द्वार खोल दिए है। इस बात का अंदाजा मध्यप्रदेश के इन्दौर के हितग्राहियों से जाना जा सकता है, जिन्हें राशन वितरक द्वारा एक क्विंटल अनाज पर 20 किलोग्राम अनाज काटकर 80 किलोग्राम अनाज दिया गया है। हालांकि उनके पास अनाज के एक अदद बोरे और आंखों देखे हाल के अलावा इसका कोई और सबूत नहीं हैं। इस दशा में वे मानते हैं कि जिन्दगी की जद्दोजहद में जो मिल गया वो ही ठीक है। सोचा जा सकता है कि एक वितरण केन्द्र के हजारों परिवारों से औसतन बीस किलोग्राम अनाज को मिलाकर कुल कितना अनाज होता है और यह अनाज कहां जा रहा है? लाकडाउन और कोविड–19 के कारण समाज के आर्थिक रूप से कमजोर तबकों को इस वर्ष दीपावली तक निःशुल्क अनाज देने की प्रधानमंत्री की घोषणा वास्तव में महत्वपूर्ण है। संभवतया यह अब तक की सबसे बड़ी योजना है, जिसमें देश की 60 प्रतिशत से अधिक आबादी की खाद्य सुरक्षा शामिल है। सरकार की नियत और नीति चाहे कितनी ही दुरूस्त क्यों न हो, लेकिन जमीनी स्तर पर इसे क्रियान्वित करने वाले तंत्र के दुरूस्त न होने से सरकारी योजनाएं वास्तविक हितग्राहियों तक नहीं पहुंच पाती है। दरअसल खाद्यान्न जैसी योजना में इस तरह की अनियमितता और घोटालों की संभावना ज्यादा होती है। क्योंकि इस योजना के हितग्राही सामाजिक एवं आर्थिक रूप से कमजोर है तथा जीवन जीने के संघर्ष में वे अधिकारों की लड़ाई को प्राथमिकता नहीं दे पाते। वे शिकायत, जांच और बयान देने जैसी प्रक्रियाओं से दूर रहना बेहतर समझते है। इसके बावजूद यदि कोई शिकायत भी करना चाहे तो उसके पास अपनी बात को साबित करने के लिए पर्याप्त सबूत नहीं होते।



राम गोपाल सैनी

# शहर कांग्रेस कमेटी एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की हुई मीटिंग




रतलाम (हमारा वतन) मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर रतलाम शहर कांग्रेस कमेटी एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी एवं समस्त मोर्चा संगठन की बैठक शहर कांग्रेस कार्यालय पर कोविड-19 राहत आउटरीच कार्यक्रम के तहत एक बैठक रखी गई ।

बैठक का उद्देश्य रतलाम शहर में कोरोना से पीड़ित हितग्राहियों को लाभान्वित करने हेतु शहर कांग्रेस की ओर से फॉर्म भरा कर उन्हें शासकीय योजना का फायदा दिलाना उद्देश्य था । बैठक में आउटरीच कार्यक्रम के तहत शहर के चारों ब्लॉक अध्यक्ष साथ ही हर ब्लाक के लिए एक समन्वय की नियुक्ति की गई ।

बैठक को सर्वप्रथम शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र कटारिया ने संबोधित करते हुए आउटरीच कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी दी । साथ ही बैठक को रतलाम मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष यास्मिन शेरानी, सेवादल के प्रदेश सचिव रजनीकांत व्यास, शहर कार्यकारी अध्यक्ष शांतिलाल वर्मा ,पूर्व सांसद प्रतिनिधि राजीव रावत ने संबोधित किया । बैठक का संचालन जोएब आरिफ ने किया और आभार प्रदर्शन ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बसंत पंड्या ने किया । इस दौरान जेम्स चाको ,विनोद मिश्रा मामा, शांतिलाल वर्मा, शैलेंद्र सिंह अठाना को ब्लॉक समन्यवक मनोनीत किया गया । साथ ही हर वार्ड से एक कोरोना योद्धा एवं 5 सदस्य समिति गठित की गई ।

इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कमरुद्दीन कछवाय , विजय सिंह चौहान, मोहसीन खान शेरानी, ,सुजीत उपाध्याय महिला कांग्रेस अध्यक्ष मीना बग्गा, भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के अध्यक्ष नीलेश शर्मा, नासिर कुरेशी, संगीता काकरिया, निशा ऐडना, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहे ।



## चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार के लिए विधायक शर्मा की अनुशंषा पर 41 लाख रुपयों की मिली स्वीकृति

चौमूं (हमारा वतन) कोरोना वैश्विक महामारी को देखते हुए क्षेत्र में चिकित्सा सुविधा विस्तार के लिए विधायक रामलाल शर्मा द्वारा सीएचसी सामोद एवं सीएचसी कालाडेरा में चिकित्सा उपकरणों के लिए विधायक कोष से अनुशंसा की गई थी।

विधायक रामलाल शर्मा की अनुशंषा पर जिला मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा 41 लाख रुपए के कार्यों की प्रशासनिक स्वीकृति जारी की गई है, जिसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सामोद में सेंट्रल ऑक्सीजन सप्लाई पाइप लाइन हेतु 485106 रुपये, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालाडेरा में फुली ऑटो बायोकेमेस्ट्री एनालाइजर मशीन हेतु 8 लाख रुपये, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालाडेरा में ईसीजी मशीन हेतु 1.5 लाख रुपये, मल्टी पैरामीटर पेशेंट मॉनिटर मशीन 2 नग हेतु 70 हजार रुपए, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालाडेरा में एनबीएसयू यूनिट 6 लाख रुपये, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालाडेरा में आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित एंबुलेंस क्रय हेतु 20 लाख रुपए की अनुशंसा भेजी गई है। विधायक रामलाल शर्मा ने कहा कि क्षेत्र में चिकित्सा सुविधा विस्तार हेतु चिकित्सा उपकरणों के लिए प्रशासनिक स्वीकृति जारी कर दी गई है। जल्द ही मरीजों को इसका लाभ मिलेगा।

# राष्ट्रीय कलाकार एसोसिएशन ने दिलीप कुमार को दी श्रद्धांजलि

जयपुर (हमारा वतन) राष्ट्रीय कलाकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय संयोजक महावीर कुमार सोनी, संरक्षक गुलाबो सपेरा, प्रदेश अध्यक्ष भावना शर्मा और उनकी टीम ने ट्रेजडी किंग दिलीप कुमार को श्रद्धांजलि अर्पित की।



इस मौके पर प्रदेशाध्यक्ष भावना शर्मा ने कहा की दिलीप कुमार के इतने लंबे सफ़र में उन्होंने हर तरीके का दौर देखा है और काफी उतार चढ़ाव देखे । सिनेमा जगत में वह काम करके दिखाया जो शायद ही कोई दूसरा कलाकार कर सका हो और ना ही कर सकेगा । उनके जाने से पूरा बॉलीवुड जगत सदमे में है। बॉलीवुड में वो हमेशा सीने सम्राट के नाम से ही पहचाने जाएंगे। दिलीप कुमार को पाकिस्तान सरकार ने इंतियाज पाकिस्तान के अवार्ड से भी नवाजा गया था। दिलीप कुमार ने अपने लंबे फिल्म केरियर में एक से बढ़कर एक बेहतरीन फिल्में दी । उनकी अदाकारी दुनिया याद करेगी । मुगल ए आज़म में शहजादे सलीम का रोल आज भी लोग याद करते है ।

इस दौरान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संतोष पाल, सोनू पंजाबी, बाल कलाकार लविष्का सैनी व सरवर मौजूद रहे ।



## कविता
## कुछ यूँ ही

कुछ यूँ ही मुझसे
तुम बतियाओ
कभी आ देहरी पर मेरी
तुम यूँ ही बैठ जाओ
कुछ अपनी सुनाओ
कुछ हाल मेरा पुछो

कभी यूँ ही पल दो पल
तुम पास मेरे बैठ जाओ
कभी चेहरे की मुस्कान
तुम बन फ़ैल जाओ
कभी निर्मल सा ख्वाब
तुम बन मेरी आँखों में तैर जाओ

कुछ यूँ ही कभी
तुम मेरी नज्मो में डूब जाओ
कभी यूँ ही बस
तुम मेरी रूह में समा जाओ
कुछ यूँ ही मुझसे
तुम बतियाओ



योगिता शर्मा
जयपुर

# विराज फाउंडेशन ने कोरोना यौद्धाओ का किया सम्मान

जयपुर (हमारा वतन)विराज फाउंडेशन के तत्वावधान में गुढा सुर्जन स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्साधिकारी सुकृति भारद्वाज व कर्मचारियों का प्रदेशाध्यक्ष भुवनेश तिवाडी व पदाधिकारियों ने कोरोना काल में किए गए सराहनीय व उत्कृष्ट कार्य हेतु माला, प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो व पौधे भेट कर सम्मानित किया।



इस दौरान प्रदेशाध्यक्ष (चिकित्सा प्रकोष्ठ) सी एम सैनी ने बताया कि कोरोना जैसी वैश्विक महामारी में व वैक्सीनेशन जैसे अभियान में गुढा सुर्जन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों व कर्मचारियों का कार्य सराहनीय व उत्कृष्ट रहा इन्हीं सभी कार्यों को देखते हुए विराज फाउंडेशन ने इन्हें सम्मानित किया गया । इसी के साथ 11 पेड़ भी लगाया गए । इस दौरान जिला संगठन मंत्री पं रामस्वरूप शर्मा, पं राधेश्याम शर्मा, संदीप शर्मा, धर्मेंद्र सिंह, सोहन लाल मीणा, सीता देवी, लता देवी, शोभना, सरिता, रमेश यादव, अनिल कुमार, विकास व्यास, संजय जांगिड़ आदि लोग उपस्थित थे।

खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।
Email-
hamarawatan65@gmail.com
9214996258, 7014468512

RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
संरक्षक : बाबूलाल सैनी मो: 9352734588
सहायक सम्पादक: राकेश तिवाड़ी
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर शहर होगा